DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI TUESDAY, FEBRUARY 17, 2026 DATED—

# Six-Level, 24x7 Parking To Free Up Nehru Place

## Facility To Open Today, Can House 660 Cars & 350 Two-Wheelers

### CCTV CAMERAS, EV CHARGING POINTS & MORE

Six levels, including basement and ground floor

660 Capacity for Cars

350 Two-wheelers

₹62.4 crore cost to develop facility

29,664 square metres: Total built-up area













56 designated parking spaces for persons with disabilities

Earthquake-resilient and maintenance-efficient structure

148 CCTV cameras for 24×7 surveillance

Mechanical ventilation with air-quality monitoring

Nine EV charging points installed

Equipped with an intelligent parking system

Energy-efficient lighting system

Vertical gardens and rainwater harvesting provisions to strengthen green credentials

Vibha.Sharma
@timesofindia.com

**New Delhi:** The much-awaited multi-level car parking facility at Nehru Place will be open to the public on Tuesday and is expected to ease congestion in the busy commercial district.

Lieutenant governor Vinai Kumar Saxena and chief minister Rekha Gupta attended the inauguration of the Delhi Development Authority (DDA) parking on Monday. Both pointed out that the project marked a key step in revamping Nehru Place —one of Asia's largest IT and commercial hubs — which sees an average daily footfall of over 1.3 lakh visitors.

Developed by DDA under the Urban Development Fund of the Union housing and urban affairs ministry, the six-level structure, including a basement, spans 29,664 square metres and cost Rs 62.4 crore. The project, conceived in 2021-22, aims to address persistent parking shortages in the area, which houses numerous offices, IT outlets, restaurants and retail establishments.

The 24x7 facility can accommodate about 660 cars, including 56 spaces reserved for persons with disabilities, and 352 two-wheelers. It has power backup and nine subsidised electric vehicle charging stations.

Equipped with automated ticketing, digital parking guidance displays, LED lighting, firefighting systems, CCTV surveillance and lifts, the complex also has dedicated pedestrian pathways and ramps to provide barrier-free access.

Saxena said the facility would help eliminate unauthorised parking in the area. "The facility reflects our commitment to organised, accessible and sustainable urban infrastructure. Our policy is one of zero tolerance towards unauthorised parking. I urge citizens to use this modern facility and support our vision of a greener and smarter Delhi," he said. South Delhi MP Ramvir Singh Bidhuri tweeted that it would be a boon for locals.

An official said Nehru Place had long grappled with haphazard parking spilling onto roads and footpaths, leading to congestion. "With a vehicle parking for an average of eight hours, we are expecting at least 3,000 vehicles to use the facility every day. For payment, we will add FasTAG facility in a week in addition to online payment," he said, adding that the concessionaire running the complex for two years will also maintain it.

**LG SAYS**

**The facility reflects our commitment to organised, accessible and sustainable urban infrastructure**

Landscaping and painting work was done around the site. Built as a reinforced cement concrete structure, the complex is designed to withstand seismic conditions specific to Delhi. Lightweight autoclaved aerated concrete blocks have been used in place of conventional bricks, while shear walls provide additional stability, officials said. The vacuum dewatered concrete technology will enhance surface durability and minimise cracking, making the structure suitable for heavy vehicular movement with lower maintenance needs.

The project incorporates sustainability measures, including tree transplantation and compensatory plantation. A vertical garden covering approximately 400 square metres will be developed on one exterior wall. Two rainwater harvesting systems have been installed to promote water conservation and prevent waterlogging.

The layout has been kept spacious to facilitate smooth parking and manoeuvring. The facility integrates intelligent parking management and guidance systems to help users locate vacant spaces on every floor. It also features mechanical ventilation with air quality monitoring, energy-efficient lighting and a facade with GRC jali work to maximise natural daylight and reduce power consumption.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली ।
मंगलवार, 17 फरवरी 2026 —DATED—

# नेहरू प्लेस में छह लेवल पार्किंग

## LG और CM ने किया उद्घाटन, ट्रैफिक जाम से अब मिलेगी निजात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नेहरू प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर में सोमवार को स्टेट ऑफ द आर्ट मल्टी लेवल कार पार्किंग की सुविधा शुरू हो गई। एलजी वीके सक्सेना और सीएम रेखा गुप्ता ने इस मल्टीलेवल पार्किंग का उद्घाटन किया। एशिया के बडे. आईटी और कमर्शल हब नेहरू प्लेस के रीडिवेलपमेंट के तहत इस पार्किंग का काम पूरा किया गया। यहां हर रोज औसतन 1.3 लाख लोग आते है। छह लेवल की इस पार्किंग में 660 कारें और 350 टूवीलर एक साथ पार्क हो सकेंगे। पार्किंग में दिव्यांगों और ई-वीकल के लिए अलग स्पेस दिया गया है। यह पार्किंग भूकंपरोधी तकनीक से बनी है। इसके साथ ही 9 ईवी चार्जिंग पॉइंट, 148 CCTV कैमरे लगे है।

**यह पार्किंग भूकंपरोधी तकनीक से बनी है**

पार्किंग के उद्घाटन के बाद LG वीके सक्सेना ने कहा कि इस ऑटोमेटेड मल्टीलेवल कार पार्किंग कॉम्प्लेक्स के शुरू होने से नेहरू प्लेस में लंबे समय से चल रही पार्किंग की समस्या खत्म होगी। इससे अनधिकृत पार्किंग की समस्या खत्म होगी और ट्रैफिक को गति मिलेगी। नेहरू प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर के रीडिवेलपमेंट प्लान में शामिल यह पार्किंग दर्शाती है कि हम सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा में आगे बढ़ रहे है। हम अवैध पार्किंग को लेकर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी की तरफ बढ़ रहे है। LG ने लोगों से अपील की कि पार्किंग के लिए इस अत्याधुनिक सुविधा का लाभ लें और ग्रीन व स्मार्टर दिल्ली के लिए अपना सहयोग दें।





मल्टीलेवल इस पार्किंग को DDA रे रिकॉर्ड समय मे तैयार किया है। LG वीके सक्सेना और CM रेखा गुप्ता ने इसके लिए DDA को धन्यवाद दिया

> इस पार्किंग कॉम्प्लेक्स के शुरू होने से नेहरू प्लेस में लंबे समय से चल रही पार्किंग की समस्या खत्म होगी। इससे अनधिकृत पार्किंग की समस्या खत्म होगी और ट्रैफिक को गति मिलेगी।
>
> -वीके सक्सेना

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह नवनिर्मित छह मंजिला पार्किंग नेहरू प्लेस आने वालों के लिए अत्याधुनिक पार्किंग सुविधा प्रदान करेगी। LG वीके सक्सेना की निगरानी में DDA ने इसे रिकॉर्ड समय में बनाकर तैयार किया। इसके लिए LG और DDA का धन्यवाद। पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए सभी एजेंसियां मिलकर काम कर रही है। MCD की पार्किंग पर अनेक नए प्रोजेक्ट बनाने की दिशा में काम आगे बढ़ा है। दिल्ली सरकार भी हर जगह पार्किंग सुव्यवस्थित करने, ट्रैफिक कंजेशन कम करने की दिशा में काम कर रही है। इस पार्किंग को इंटेलिजेंट पार्किंग मैनेजमेंट एंड गाइडेंस सिस्टम से जोड़ा गया है। इसमें ऑटोमेटेड टिकट जनरेट होगी और किस मंजिल पर जाना है और खाली पार्किंग स्पेस कहां है, इसकी जानकारी डिजिटल फ्लोर डिस्प्ले पर दिखेगी।



DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS
दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 17 फरवरी, 2026

# अत्याधुनिक छह मंजिला पार्किंग में रोजाना खड़े होंगे दो हजार वाहन

**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराजयपाल वीके सक्सेना ने नेहरू प्लेस में छह मंजिला पार्किंग का किया उद्‌घाटन**

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को नेहरू प्लेस में अत्याधुनिक छह मंजिला पार्किंग का उद्घाटन किया। इस नई मल्टीलेवल पार्किंग में रोटेशन के आधार पर प्रतिदिन करीब दो हजार वाहनों को पार्क किए जाने की सुविधा मिलेगी। दिल्ली की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए यह अहम कदम उठाया गया है। राजधानी के जिन इलाकों में पार्किंग की कमी है, वहां दिल्ली विकास प्राधिकरण की उपलब्ध जमीन पर पार्क या पार्किंग बनाने की व्यापक योजना तैयार की जा रही है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के तौर पर दक्षिणी दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री रेखा बताया कि इस पार्किंग में एक समय में 650 चार पहिया और 352 दोपहिया वाहन खड़े करने की क्षमता है। पार्किंग में ईवी चार्जिंग स्टेशन भी है, जहां ईवी वाहन चालक चार्जिंग की सुविधा का लाभ भी उठा सकेंगे। उन्होंने कहा पूर्व सरकारों ने जनहित से जुड़े कार्य वर्षों तक लंबित रखे, लेकिन वर्तमान सरकार उपराज्यपाल के नेतृत्व और केंद्र सरकार के सहयोग से काम कर रही है और अच्छे नतीजे दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पूर्व पंजाबी बाग में आटोमेटिक मल्टीलेवल पजल पार्किंग और ग्रेटर कैलाश में आधुनिक आटोमेटिक शटल पार्किंग का उद्घाटन किया जा चुका है।



नेहरू प्लेस मल्टीलेवल कार पार्किंग में लगा ईवी चार्जिंग स्टेशन • जागरण

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 17 फरवरी 2026

NAME OF NEWSPAPERS-----

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, मंगलवार, 17 फरवरी 2026

DATED-----

# DDA प्रीमियम हाउसिंग स्कीम का समय बढ़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: DDA ने लोगों की डिमांड के बाद प्रीमियम हाउसिंग स्कीम 2026 की समय सीमा बढ़ा दी है। अब इस स्कीम में 20 फरवरी तक अप्लाई किया जा सकता है। स्कीम में विभिन्न जगहों पर HIG, MIG, LIG, जनता और EHS कैटेगिरी के 582 फ्लैट्स उपलब्ध है। यह स्कीम ई-ऑक्शन के आधार पर होगी। DDA के अनुसार इस स्कीम में कार और स्कूटर गैराज भी शामिल है। यह स्कीम 6 जनवरी को लॉन्च की गई थी। लेकिन, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि को करीब देखकर लोग इसे बढ़ाने की डिमांड कर रहे थे। लोगों ने स्कीम के तहत अपने अधूरे रजिस्ट्रेशन को पूरा करने के लिए समय मांगा था ताकि वह ई-ऑक्शन में हिस्सा ले सकें। अब इस स्कीम में हिस्सा लेने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 20 फरवरी की शाम छह बजे तक पूरा करना होगा। फाइनल सबमिशन 23 फरवरी तक किया जा सकता है। इस दौरान अर्नेस्ट मनी भी जमा करवानी होगी।

**20 फरवरी तक कर सकते है अप्लाई**

## डीडीए पुस्तकालय में छात्र पंजीकरण करें

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के आरंभ पुस्तकालय में छात्र पंजीकरण कर सकते हैं। इसमें छात्रों को पुस्तकालय में शिफ्ट के अनुसार किताबों को पढ़ने और प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए अवसर मिलेगा। डीडीए वेबसाइट dda.gov.in में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का पंजीकरण 28 तक करें

डीडीए ने जनता आवास योजना के तहत 144 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की पंजीकरण तिथि 28 फरवरी तक बढ़ा दी है। खरीदार पंजीकरण कर सकते हैं। ड्रॉ 13 मार्च को होगा। eservices.dda.org.in से जानकारी प्राप्त करें।

# नेहरू प्लेस की पार्किंग में मिलेंगे नौ चार्जिंग प्वॉइंट



नेहरू प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर में सोमवार को छह मंजिला कार पार्किंग लोगों के लिए शुरू कर दी गई। यहां ई वाहनों के लिए नौ चार्जिंग प्वॉइंट बनाए गए हैं। • हिन्दुस्तान

**अच्छी खबर 2**

■ उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। नेहरू प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर में छह मंजिला कार पार्किंग लोगों के लिए शुरू हो गई है। एक हजार से अधिक वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग में नौ ईवी चार्जिंग प्वॉइंट की सुविधा भी दी गई है।

उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को इसका उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने कहा कि नेहरू प्लेस में इस स्वचालित मल्टीलेवल कार पार्किंग के शुरू होने से यहां लंबे समय से बनी सार्वजनिक आवश्यकता पूरी हुई है। इससे क्षेत्र में अनधिकृत पार्किंग के कारण होने वाली भीड़-भाड़ में कमी आएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी के जिन इलाकों में पार्किंग की कमी है, वहां डीडीए की उपलब्ध जमीन पर पार्क या पार्किंग बनाने की व्यापक योजना तैयार की जा रही है। इस अवसर पर दक्षिणी दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, स्थानीय पार्षद राजपाल सिंह, योगिता सिंह और डीडीए उपाध्यक्ष एन. सरवन कुमार भी उपस्थित रहे।

डीडीए अधिकारियों ने बताया कि 62 करोड़ की लागत से निर्मित इस बहुमंजिला कार पार्किंग में 660 कारों और दिव्यांगजनों, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए विशेष आरक्षित स्थान के साथ 352 दोपहिया वाहनों की क्षमता है। उन्नत इंजीनियरिंग तकनीक से निर्मित यह पार्किंग भूकंप-रोधी है। उन्होंने बताया कि इसमें नौ ईवी चार्जिंग प्वॉइंट और 24 घंटे निगरानी के लिए 148 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS

THE HINDU
Tuesday, February 17, 2026
DELHI



## CM, L-G inaugurate multi-level parking facility in Nehru Place

Lieutenant-Governor V.K. Saxena and Chief Minister Rekha Gupta on Monday inaugurated a multi-level parking facility at Nehru Place District Centre with a capacity to accommodate 660 cars and over 350 two-wheelers. Developed by the Delhi Development Authority under the Nehru Place redevelopment plan, it aims to streamline parking in the area that records an average daily footfall of over 1.3 lakh.

millenniumpost
NEW DELHI | TUESDAY, 17 FEBRUARY, 2026

**L-G, CM UNVEIL NEW MULTI-LEVEL CAR PARK**

# CM: 'Accelerating stalled dev works after united mandate'

**AIMAN FATIMA**



**NEW DELHI:** In a significant push to ease congestion in one of the Capital's busiest commercial hubs, an ultra-modern six-storey multi-level car parking facility was inaugurated at Nehru Place on Monday, promising organised parking and smoother traffic flow for thousands of daily commuters.

The facility was inaugurated by Delhi's Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena along with Chief Minister Rekha Gupta, and dedicated to the public at the Nehru Place District Centre. South Delhi MP Ramvir Singh Bidhuri, DDA Vice Chairman N. Saravana Kumar and senior officials were present on the occasion.

Calling it a major step towards improving Delhi's urban infrastructure, the Chief Minister said, "Under the leadership of the Lieutenant Governor and with the cooperation of the Central Government, the Delhi Government is working in close coordination and delivering tangible results."

She remarked that earlier governments failed to establish effective coordination with the Centre and the Lieutenant Governor, due to which several welfare projects remained pending. "The Lieutenant Governor personally inspected various sites and consistently monitored projects related to drain cleaning, road construction and infrastructure development," she said, adding that he remained engaged in serving the people even during periods of governance stagnation.

Highlighting the project's scale, the Chief Minister said the new structure can accommodate 650 four-wheelers and 352 two-wheelers at a time, and on a rotational basis is expected to handle nearly 2,000 vehicles daily. She called it "a significant step in view of Delhi's growing needs" and said a plan is under way to develop parks or parking on available DDA land. She added that similar facilities in Punjabi Bagh and Greater Kailash had been inaugurated earlier.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------ दैनिक भास्कर
नई दिल्ली, मंगलवार 17 फरवरी, 2026 TED----

## एलजी सक्सेना और सीएम गुप्ता ने किया उद्घाटन

# नेहरू प्लेस में 6 मंजिला पार्किंग शुरू, 1000 वाहन हो सकेंगे पार्क

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के नेहरू प्लेस में सोमवार को 6 मंजिला पार्किंग की शुरुआत हो गई। 62.4 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस पार्किंग में एक हजार वाहनों को पार्क किया जा सकता है। डीडीए अध्यक्ष और एलजी वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की इस मल्टी-लेवल पार्किंग का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने बताया कि यह नई 6 मंजिला आधुनिक पार्किंग एक समय में 650 चार पहिया और 352 दोपहिया वाहन खड़े करने की क्षमता रखती है। रोटेशन के आधार पर यहां प्रतिदिन करीब 2 हजार वाहनों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी। उन्होंने इसे दिल्ली की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि राजधानी के जिन इलाकों में पार्किंग की कमी है, वहां डीडीए की उपलब्ध जमीन पर पार्क या पार्किंग बनाने की व्यापक योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इससे पूर्व पंजाबी बाग में ऑटोमेटिक मल्टी-लेवल पजल पार्किंग और ग्रेटर कैलाश में आधुनिक ऑटोमेटिक शटल पार्किंग का उद्घाटन किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि इसी तर्ज पर अन्य स्थानों पर भी स्मार्ट पार्किंग स्थलों का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा, कई वर्षों से नेहरू प्लेस में नागरिकों ने पार्किंग और ट्रैफिक की समस्याओं को लेकर विभागों को शिकायतें की हैं। यह महत्वपूर्ण व्यावसायिक क्षेत्र अव्यवस्थित, बेतरतीब व अवैध पार्किंग से ग्रस्त रहा है, जिसका असर सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थानों पर पड़ता है।



## एलजी का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायी रहा हैः सीएम

एलजी सक्सेना ने बताया कि ऑटोमेटेड टिकटिंग सिस्टम, फायर फाइटिंग सिस्टम, सीसीटीवी सर्विलांस, लिफ्ट, ईवी चार्जिंग पॉइंट, वर्टिकल गार्डन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और नेचुरल लाइटिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं न केवल इस पार्किंग स्पेस को अनोखा बनाती हैं, बल्कि सस्टेनेबल डेवलपमेंट का भी एक सिंबल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि एलजी सक्सेना का मार्गदर्शन दिल्ली के लिए सदैव प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि पूर्ववर्ती सरकारों ने केंद्र और एलजी के साथ समन्वय स्थापित करने का अपेक्षित प्रयास नहीं किया, जिस कारण अनेक जनहित से जुड़े कार्य वर्षों तक लंबित रहे।

## रोज हजारों वाहन चालकों को लाभ मिलेगाः बिधूड़ी

सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा, इस पार्किंग के शुरू होने से नेहरू प्लेस जैसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र में पार्किंग की समस्या को कम किया जा सकेगा। नेहरू प्लेस में प्रति दिन हजारों वाहन चालकों को इस पार्किंग का लाभ मिलेगा। इस पार्किंग में लिफ्ट और 400 वर्ग मीटर के एक वर्टिकल गार्डन जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। यह बहुमंजिला परिसर आधुनिक स्वचालित प्रणालियों से सुसज्जित है, जो पार्किंग को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाती है। इस पार्किंग में लिफ्ट भी हैं, जिससे विभिन्न मंजिलों के बीच आवागमन आसान हो जाता है। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए भी इसमें बेहतर सुविधाएं हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------ अमर उजाला
नई दिल्ली | मंगलवार | 17 फरवरी 2026 ------DATED------


# नेहरू प्लेस में पार्किंग संकट होगा खत्म छह मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग शुरू

## उपराज्यपाल वीके सक्सेना और सीएम रेखा गुप्ता ने किया शुभारंभ, जाम की समस्या होगी खत्म

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के प्रमुख कारोबारी केंद्र नेहरू प्लेस में लंबे समय से चली आ रही पार्किंग की समस्या को बड़ी राहत मिली है। सोमवार को छह मंजिला अत्याधुनिक मल्टीलेवल कार पार्किंग का उद्घाटन उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। इसके शुरू होने से बाजार क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग और जाम की समस्या में कमी आने की उम्मीद है।

नेहरू प्लेस देश के सबसे बड़े आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजारों में गिना जाता है, यहां प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी और व्यावसायिक कार्यों के लिए पहुंचते हैं। सीमित सड़क किनारे पार्किंग और अनधिकृत खड़े वाहनों के कारण यहां अक्सर भीषण जाम लग जाता है। नई मल्टीलेवल पार्किंग इस दबाव को कम करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।



नेहरू प्लेस मार्केट में 6 मंजिला बहुस्तरीय कार पार्किंग। संवाद

यह छह मंजिला पार्किंग एक समय में 650 चारपहिया और 352 दोपहिया वाहनों को समायोजित कर सकती है। रोटेशन प्रणाली के आधार पर प्रतिदिन लगभग 2,000 वाहनों को यहां पार्किंग की सुविधा मिल सकेगी। इससे बाजार क्षेत्र की सड़कों पर अवैध पार्किंग कम होगी और यातायात अधिक सुव्यवस्थित रहेगा।

इस अवसर पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि नेहरू प्लेस में इस स्वचालित मल्टीलेवल कार पार्किंग परिसर को सौंपना बहुत संतोषजनक है। इससे लंबे समय से चली आ रही सार्वजनिक आवश्यकता पूरी हुई है और क्षेत्र में अनधिकृत पार्किंग के कारण होने वाली पार्किंग भीड़-भाड़ और यातायात में काफी कमी आएगी। नेहरू प्लेस जिला केंद्र पुनर्विकास योजना के भाग के रूप में डीडीए ने विकसित किया था। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इस आधुनिक सुविधा का उपयोग करें।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- पंजाब केसरी दिल्ली, मंगलवार 17.02.2026 ----DATED----

स्वीडन में इस्तेमाल हुई वीडीसी तकनीक से बनी पार्किंग, नेहरू प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर में अत्याधुनिक मल्टी-लेवल कार पार्किंग शुरू

# एक साथ खड़ी हो सकेंगी 660 कारें, दिव्यांगों व ई-वाहनों के लिए 350 दोपहिया पार्किंग रिजर्व

**1** एलजी वीके सक्सेना व सीएम रेखा गुप्ता ने किया उदघाटन

**2** इस स्वचालित मल्टीलेवल कार पार्किंग परिसर की शुरुआत बहुत संतोषजनक

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली के अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने व ट्रैफिक की भीड़भाड़ को कम करने के उद्देश्य से एलजी वीके सक्सेना ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ सोमवार को नेहरू प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर में एक अत्याधुनिक मल्टी-लेवल कार पार्किंग (एमएलसीपी) सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दक्षिणी दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, निगम पार्षद रोहतास बिधूड़ी, ममता यादव और भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष माया बिष्ट सहित डीडीए उपाध्यक्ष एन.सरवण कुमार व डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस सिक्स-लेवल स्ट्रक्चर वाली पार्किंग सुविधा में 660 कारों और दिव्यांगजनों एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए विशेष आरक्षित स्थान सहित 350 दोपहिया वाहन खड़ा करने की क्षमता है। इस अवसर पर एलजी ने कहा कि नेहरू प्लेस में इस स्वचालित मल्टीलेवल कार पार्किंग परिसर की शुरुआत बहुत संतोषजनक है। इससे अनधिकृत पार्किंग के कारण होने वाली पार्किंग भीड़-भाड़ और ट्रैफिक में काफी कमी आएगी। नेहरू प्लेस जिला केंद्र पुनर्विकास योजना के भाग के रूप में डीडीए द्वारा विकसित यह सुविधा व्यवस्थित, सुलभ और स्थायी शहरी बुनियादी ढांचे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के लिए आज एक महत्वपूर्ण दिन है। यह भव्य मल्टी-लेवल कार पार्किंग शहर की सबसे बड़ी समस्या पार्किंग का समाधान करती है। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण में पारंपरिक ईंटों के स्थान पर हल्के ऑटोक्लेव्ड एरेटिड कंक्रीट (एएसी) ब्लॉकों का उपयोग किया गया है जिससे भूकंप प्रतिरोधकता बढ़ गयी है। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एलजी और सीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेहरू प्लेस में एक हजार गाड़ियों की मल्टीलेवल कार पार्किंग की शुरुआत से एक बड़ी समस्या का हुआ समाधान हुआ है। इस अत्याधुनिक कार पार्किंग में सीसीटीवी और ई-चार्जिंग सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसमें वैक्यूम डीवाटरड कंक्रीट (वीडीसी) तकनीक भी है, जो पहली बार स्वीडन में प्रयोग में लायी गई थी, यह सतह के टिकाऊपन को बढ़ाती है और दरार को कम करती है। यहां बता दें कि यह प्रोजेक्ट केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की यूडीएफ-वित्त पोषित योजना के तहत लागू किया गया है।



पार्किंग का उद्घाटन करते एलजी वीके सक्सेना, सीएम रेखा गुप्ता, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी व अन्य।

### गाइडेंस सिस्टम से यूजर खाली पार्किंग में पहुंच सकेंगे

एमएलसीपी में इंटेलिजेंट पार्किंग मैनेजमेंट और गाइडेंस सिस्टम हैं जिसमें ऑटोमेटेड टिकटिंग और डिजिटल फ्लोर डिस्प्ले शामिल हैं जिससे यूजर पार्किंग की अनावश्यक रूप से तलाश किए बिना खाली पार्किंग की जगह पहुंच सकते हैं। यह सुविधा 148 सीसीटीवी कैमरों के साथ व्यापक निगरानी के जरिए सुरक्षित है और इसमें एडवांस्ड फायर-फाइटिंग सिस्टम और दिव्यांगजनों के लिए आसान एक्सेस की व्यवस्था है। इसमें 09 इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग पॉइंट भी हैं, जिन्हें विशेष पावर इंफ्रास्ट्रक्चर से सपोर्ट मिलता है।